RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : सोमवार, 06 फरवरी 2023 | वर्ष 04 | अंक 252 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 4 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक

# रोकठोक लेखनी

खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

## अमर अकबर एंथनी की तरह अटूट महाविकास अघाड़ी,

# महाराष्ट्र में क्या चलेगा मोदी-शाह का जादू !

### 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव की उलटी गिनती शुरू...

**एमएलसी चुनाव में एमवीए गठबंधन को मिली सफलता से टेंशन में बीजेपी**

**मुंबईः** 2024 के लोकसभा और महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों की उलटी गिनती शुरू हो गई है। इसके साथ ही विपक्षी पार्टियां भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले अपने चुनावी अंकगणित को बढ़ावा देने के लिए अलग-अलग राजनीतिक गठबंधनों और रणनीतियों की गणना करने में व्यस्त हैं। पिछले दो लोकसभा (2014-2019) चुनाव विपक्षी दलों के लिए निराशाजनक थे। उनके सर्वोत्तम प्रयासों के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का जादू मतदाताओं के सिर चढ़कर बोलता रहा। तीन साल पहले, कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शिवसेना (यूबीटी) के एक अप्रत्याशित गठबंधन एमवीए का गठन किया। जिसने अक्टूबर 2019 में बीजेपी के लगातार दूसरी बार सत्ता में लौटने के प्रयासों को विफल कर दिया।

हालांकि बीजेपी जून 2022 में एमवीए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को गिराने में कामयाब रही और बालासाहेबंची शिवसेना (बीएसएस) के नेता एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में राज्य में सरकार का गठन कर लिया। हालांकि शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष



ठाकरे ने एमवीए सहयोगियों को नहीं छोड़ा। सहयोगियों ने भी उनके सुर में सुर मिलाया। फिलहाल राष्ट्रीय राजनीतिक आइने में तीन विपक्षी गठजोड़ की संभावना सामने आ रही है। महाराष्ट्र में एनसीपी- शिवसेना (यूबीटी) और कांग्रेस का गठबंधन चट्टान की तरह मजबूत दिख रहा है।

दिसंबर 2021 में पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और फरवरी 2022 में तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने महाराष्ट्र के नेताओं से मुलाकात की और उनके राष्ट्रीय राजनीतिक डिजाइन पर चर्चा की। उन्होंने एनसीपी सुप्रीमो शरद पवार और शिवसेना (यूबीटी) के प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलाकात की। दोनों दिग्गजों ने बनर्जी और राव का गर्मजोशी से स्वागत किया, लेकिन गैर-कांग्रेसी मोर्चे को अव्यवहारिक बताया।

**कांग्रेस सहित विपक्षी एकता की जरूरत**

पवार और एनसीपी के वरिष्ठ नेताओं प्रफुल्ल पटेल, सुप्रिया सुले, अजीत पवार, प्रदेश अध्यक्ष जयंत पाटिल, शिवसेना (यूबीटी) के उद्धव ठाकरे, संजय राउत, अरविंद सावंत और आदित्य ठाकरे और अन्य लोगों ने अलग-अलग अवसरों पर 2024 में बीजेपी को चुनौती देने के लिए कांग्रेस सहित विपक्षी एकता की जरूरत बताई है।

**तीन साल पहले बना था कांग्रेस-एनसीपी-शिवसेना का एमवीए गठबंधन...!**

---

# महिला से बलात्कार...

### धमकी देने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के धुले जिले में एक 38 वर्षीय व्यक्ति को एक महिला के साथ कथित रूप से बार-बार बलात्कार करने और धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। कोनगांव थाने के वरिष्ठ निरीक्षक ने कहा कि आरोपी एक गैर सरकारी संगठन (एनजीओ) का अध्यक्ष है और उसे बृहस्पतिवार को धुले से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने धुले में दो महीने पहले एक कार्यक्रम आयोजित किया था, जहां वह पीड़िता से मिला था। एक अधिकारी ने कहा कि आरोपी ने पीड़िता से दोस्ती की जो अपने पति से अलग हो चुकी थी। वह नेटवर्किंग का लालच देकर पीड़िता को मुंबई ले आया और उससे बलात्कार किया। आरोपी कथित रूप से पीड़िता को ठाणे जिले के भिवंडी और कल्याण इलाकों में ले गया जहां उसने बार-बार उससे बलात्कार किया और पिछले दो महीने से उसे प्रताड़ित कर रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी ने पीड़िता को बंदूक का भय दिखाकर धमकी भी दी। अधिकारी ने कहा कि पीड़िता ने कोनगांव थाने में बुधवार को शिकायत दर्ज कराई जिसके आधार पर इस संबंध में मामला दर्ज किया गया।

## आदित्य ठाकरे ने दी सीएम शिंदे को चुनौती

# उनमें हिम्मत है तो मेरे खिलाफ वरली से लड़ें चुनाव...

**मुंबई :** भारत में इस साल 9 राज्यों में विधानसभा चुनाव होना है। जिसमें मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, कर्नाटक, तेलंगाना, त्रिपुरा, मेघालय, नागालैंड और मिजोरम शामिल हैं। तो वहीं अगले साल 2024 में लोकसभा चुनाव होने के साथ साथ महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव हैं। इसलिए विधानसभा चुनाव से पहले उद्धव ठाकरे गुट के नेता आदित्य ठाकरे ने सीएम शिंदे को चुनौती दे दी है।

**शिवसेना में फूट के बाद अब तक नहीं थमी तकरार**



शिवसेना में फूट के बाद दोनों गुटों में तकरार अब तक थम नहीं रही है। उद्धव ठाकरे गुट के नेता आदित्य ठाकरे ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को चुनौती दे दी है। आदित्य ठाकरे ने कहा कि यदि उनमें हिम्मत है तो वे मेरे खिलाफ विधानसभा का चुनाव लड़कर दिखाएं।

आदित्य ठाकरे शिवसेना उद्धव बालासहब ठाकरे ( उद्धव गुट) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे के पुत्र हैं। आदित्य ठाकरे ने कहा कि मैं असंवैधानिक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को मेरे खिलाफ चुनाव लड़ने के लिए चुनौती देता हुं। गौरतलब है कि आदित्य ठाकरे महाविकास आघाड़ी सरकार में मंत्री भी रह चुके हैं।

## ठाणे में खांसी की प्रतिबंधित दवा की 108 बोतलों के साथ युवक गिरफ्तार



**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में पुलिस ने एक युवक को खासी की प्रतिबंधित दवा की 108 बोतलों के साथ गिरफ्तार किया है। एक पुलिस अधिकारी ने रविवार को यह जानकारी दी। मुंब्रा थाने की सहायक पुलिस निरीक्षक कृपाली बोरसे ने बताया कि पुलिस ने दो फरवरी को गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपियों को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। मुंब्रा थाना क्षेत्र से एक युवक को खांसी की प्रतिबंधित दवा की 108 बोतलों के साथ पकड़ लिया।

## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

# अतिवादी तत्वों की सक्रियता

राष्ट्रीय जांच एजेंसी की ओर से बिहार के मोतिहारी से प्रतिबंधित पापुलर फ्रंट आफ इंडिया यानी पीएफआइ के सदस्यों की गिरफ्तारी यही बताती है कि इस संगठन के लोग चैन से नहीं बैठे हैं और पाबंदी का उन पर वैसा असर नहीं पड़ा, जैसा अपेक्षित था। प्रतिबंध के बाद भी पीएफआइ सदस्यों की अतिवादी गतिविधियां देश के किसी एक हिस्से तक सीमित नहीं हैं, इसका पता मध्य प्रदेश के श्योपुर से इस संगठन के फरार चल रहे एक पदाधिकारी की गिरफ्तारी से चलता है। इसके कुछ दिन पहले पीएफआइ से जुड़ी एक युवती को इंदौर में गिरफ्तार किया गया था। सच तो यह है कि पीएफआइ पर प्रतिबंध लगने के बाद से उसके सदस्यों की गिरफ्तारी का सिलसिला कायम है।

देश के विभिन्न हिस्सों से उनकी गिरफ्तारी यही बताती है कि वे दक्षिण से लेकर उत्तर भारत तक में सक्रिय हैं। स्पष्ट है कि इस प्रतिबंधित संगठन के सदस्यों के खिलाफ और सख्ती की आवश्यकता है। उन तक यह संदेश जाना ही चाहिए कि वे गुपचुप रूप से सक्रिय नहीं रह सकते। चूंकि इसकी आशंका है कि प्रतिबंध के बाद पीएफआइ सदस्य किसी अन्य संगठन के जरिये सक्रिय हो सकते हैं, इसलिए उनकी कड़ी निगरानी आवश्यक है। इसमें सफलता तब मिलेगी, जब राज्य सरकारें पीएफआइ से जुड़े रहे लोगों की गतिविधियों की गहन छानबीन करेंगी। केंद्रीय एजेंसियों के साथ राज्य सरकारों और उनकी पुलिस को पीएफआइ को लेकर इसलिए सतर्क रहना होगा, क्योंकि वह केवल आतंकी समूहों से मिलकर विध्वंसक गतिविधियों को ही अंजाम नहीं दे रहा था, बल्कि देश को इस्लामी राष्ट्र बनाने का षड्यंत्र भी रच रहा था। यह षड्यंत्र रचने वाले पीएफआइ सदस्य भी बिहार से गिरफ्तार किए गए थे। पीएफआइ पर पाबंदी लगाए जाने के बाद से अब तक उसके करीब चार सौ सदस्य गिरफ्तार किए जा चुके हैं। इस संगठन ने अपना जाल पूरे देश में फैला रखा था और कई सहयोगी संगठन भी बना रखे थे। इस पर भरोसा नहीं किया जा सकता कि पीएफआइ और उसके सहयोगी संगठनों के सदस्य प्रतिबंध लगने के बाद चुपचाप बैठ गए होंगे।

अंदेशा यही है कि वे अन्य अतिवादी संगठनों से जाकर मिल गए होंगे। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि देश में पीएफआइ सरीखे अन्य अतिवादी संगठन भी हैं। उनकी साठगांठ दूसरे देशों के अतिवादी और आतंकी संगठनों से है। इनमें से कुछ संगठन बांग्लादेश आधारित हैं। उनके गुर्गे बंगाल के रास्ते भारत में घुसपैठ भी करते रहते हैं। यह भी किसी से छिपा नहीं कि बांग्लादेशियों की घुसपैठ का असर असम और बंगाल के साथ बिहार एवं झारखंड में भी दिखने लगा है। इन राज्यों को इसलिए अतिरिक्त सजगता दिखानी होगी, क्योंकि बांग्लादेश से आतंकी तत्व भी घुसपैठ कर रहे हैं और पीएफआइ सरीखे प्रतिबंधित संगठनों के सदस्यों से मिलकर तरह-तरह के षड्यंत्र रच रहे हैं।

editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# अजित पवार का दावा,
# पवार ने उद्धव ठाकरे को पहले ही दे दी थी शिवसेना में बगावत की चेतावनी !

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने दावा किया है कि शरद पवार ने पहले ही उद्धव ठाकरे को शिवसेना में बगावत को लेकर चेताया था। अजित पवार ने ये भी कहा कि शरद पवार के चेताने के बावजूद उद्धव ठाकरे को नहीं लगता था कि उनकी पार्टी के विधायक ऐसा कोई कदम उठा सकते हैं। बता दें कि बीते साल जून माह में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिवसेना के कई विधायकों ने बगावत कर दी थी, जिसके चलते शिवसेना का बंटवारा हुआ और महाराष्ट्र में महाविकास अघाड़ी की सरकार भी गिर गई।



एकनाथ शिंदे गुट ने भाजपा के साथ मिलकर महाराष्ट्र में सरकार बना ली।

एक मीडिया संस्थान के साथ बातचीत में अजित पवार ने बताया कि उन्हें लगता था कि शिवसेना में टूट हो सकती है और उद्धव ठाकरे को इस बारे में बताया भी गया था। शरद पवार ने खुद फोन करके उद्धव ठाकरे को इस बात की आशंका जाहिर की थी। हालांकि उद्धव ठाकरे ने कहा कि उन्हें उनके विधायकों पर विश्वास है और उन्हें नहीं लगता कि उनकी पार्टी के विधायक ऐसा कोई बड़ा कदम उठा सकते हैं।

अजित पवार ने कहा कि जब 15-16 बागी विधायक एकनाथ शिंदे के साथ चले गए थे तो बाकी बचे विधायकों को तुरंत एकजुट रखने की जरूरत थी लेकिन ऐसी कोई कोशिश नहीं की गई। जिसके चलते बाद में 55 में से 40 विधायक शिंदे कैंप में चले गए। अजित पवार ने कहा कि हम कह सकते हैं कि कुछ लोग बेफिक्र रहते हैं। अजित पवार ने ये भी कहा कि शिवसेना में बगावत से छह महीने पहले ही एनसीपी के नेताओं में चचाएं शुरू हो गई थी। पवार ने कहा कि मैंने इस बारे में उद्धव ठाकरे से बात की थी. तब उद्धव ठाकरे ने कहा था कि उन्होंने इस बारे में सुना है। इसे लेकर वह एकनाथ शिंदे से बात करेंगे। हालांकि ठाकरे ने इसे पार्टी का आंतरिक मामला बताया था और वह इसे सुलझा लेंगे।

# BMC की बजट से लेकर योजनाएं तक आपको कर देंगी हैरान,
## ऐसे ही नहीं है मुंबई देश की आर्थिक राजधानी...



**मुंबई :** भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है। यहां संघीय सरकार है। हर सरकार अपना अलग-अलग बजट जनता के विकास के लिए पेश करती है और उसे उस वित्त वर्ष में खर्च करती है, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि राज्य के कई छोटे राज्यों से अधिक बजट देश की आर्थिक राजधानी कही जाने वाली मुंबई नगर निगम का है। देश की सबसे अमीर बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) का 2023-2024 के लिए बजट पहली बार 50,000 करोड़ रुपये के स्तर को पार कर गया है। बीएमसी आयुक्त आईएस चहल द्वारा शनिवार को पेश किए गए बजट अनुमान निकाय चुनावों से पहले आए हैं, जिनकी जल्द ही घोषणा होने की संभावना है और देश की आर्थिक राजधानी के लिए स्थायी स्थानीय आर्थिक विकास का वादा किया गया है. नए वित्तवर्ष के लिए बजट अनुमान 52,619.07 करोड़ रुपये प्रस्तावित है। वर्ष 2022-2023 में यह बजट 45,949.21 करोड़ रुपये और 2021-2022 में 39,083 करोड़ रुपये था। भविष्य में पर्यावरण के मोर्चे पर ह्यनेट जीरोह्न का लक्ष्य रखते हुए बजट में तेजी से बुनियादी ढांचे के विकास, स्वच्छता, स्वास्थ्य, शिक्षा शहरी हरियाली और नागरिकों के लिए मानसून को परेशानी मुक्त बनाने पर जोर दिया गया है। 38 वर्षो में पहली बार देश की सबसे अमीर नगर पालिका के प्रशासन ने किसी प्रशासक के सामने बजट पेश किया है। चहल ने 2022-23 के संशोधित अनुमानों (आरई) में 2,650 करोड़ रुपये के कुल बजट प्रावधान का भी प्रस्ताव किया है और तटीय सड़क परियोजना के लिए 2023-24 के व्यावसायिक अनुमानों (बीई) में 3,545 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो बीएमसी द्वारा शुरू की गई मेगा-बुनियादी ढांचा परियोजनाओं में से एक है।

# पिता-पुत्र पर भूमि विवाद को लेकर रिश्तेदार को आत्महत्या के लिए उकसाने का मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र के नासिक जिले में एक रिश्तेदार को कथित रूप से आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप में 60 वर्षीय व्यक्ति और उसके बेटे के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को दर्ज शिकायत के आधार पर कल्याण रेलवे पुलिस ने नासिक जिले के सिन्नार निवासी दोनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 306 (आत्महत्या के लिए उकसाने) का मामला दर्ज किया है। उन्होंने बताया कि शिकायत के मुताबिक, आरोपी एक पुश्तैनी जमीन को लेकर जालंधर काशीनाथ कंचार (72) को प्रताड़ित करते थे और धमकी देते थे। अधिकारी ने कहा कि पीड़ित ने अक्टूबर, 2022 में एक ट्रेन के सामने कूदकर कथित रूप से आत्महत्या कर ली थी। उन्होंने बताया कि मामले में अब तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है और आगे की जांच जारी है।



# भारत की सबसे बड़ी डील!

# मुंबई में 23 फ्लैट 1200 करोड़ में बिके

## यह सभी फ्लैट बिजनेसमैन सुधाकर शेट्टी के हैं...

**मुंबई:** मुंबई की बहुमंजिला इमारतों में आलीशान फ्लैट की कीमत भले ही कितनी भी बढ़ जाए लेकिन खरीदने वाले उसे किसी भी कीमत पर खरीद ही लेते हैं। मायानगरी के वर्ली इलाके में हाल में 23 फ्लैट 1200 करोड़ रुपए में बेचे गए हैं। रिपोर्ट के मुताबिक डी मार्ट के संस्थापक राधाकिशन दमानी के रिश्तेदारों, करीबियों, और दोस्तों ने यह आलीशान फ्लैट खरीदें हैं। जिनका फिलहाल निर्माण कार्य शुरू है। यह फ्लैट वर्ली के एनी बेसेंट रोड पर बन रहे श्री सिक्सटी वेस्ट के बी-टॉवर में खरीदे गए हैं। इन फ्लैट्स को बेचने वाले बिजनेसमैन सुधाकर शेट्टी हैं, जिन्होंने अपने हिस्से के फ्लैट बेचे हैं। सुधाकर शेट्टी ने इस प्रोजेक्ट में एक अन्य बिल्डर विकास ओबेरॉय के साथ पार्टनरशिप की थी। इस प्रोजेक्ट में बेचे गए सभी अपार्टमेंट 5000 स्क्वायर फुट की साइज में हैं। जिनकी कीमत 50 से 60 करोड़ रुपए है। इन सभी 23 फ्लैट को बेचकर सुधाकर शेट्टी अपना एक हजार करोड़ रुपये का कर्ज चुकाना चाहते हैं। जिसे उन्होंने पिरामल फाइनेंस से लिया था। रियल स्टेट के जानकारों का कहना है कि यह प्रॉपर्टी काफी डिस्काउंट भरे दाम में बेची गई है क्योंकि इसे एक साथ खरीदा गया है। इसके अलावा शेट्टी के ऊपर लोन चुकाने का काफी



ज्यादा दबाव था। इसके अलावा भी सुधाकर शेट्टी ने हॉन्ग कॉन्ग बेस्ड एस सी लौय नाम की गोलबल बैंकिंग एंड एसेट मैनेजमेंट कंपनी से भी 400 करोड़ का लोन लिया है।

**महीनों बाद हुई डील**

इन फ्लैट को खरीदने के लिए काफी दिनों से सुधाकर शेट्टी और दमानी के दोस्तों और करीबियों के बीच में बातचीत चल रही थी। जो तकरीबन चार से पांच महीने बाद फाइनल हुई। सूत्रों के मुताबिक एक साथ खरीदे गए सभी फ्लैट्स की शुक्रवार के दिन रजिस्ट्री करवा ली गई। हालांकि, श्री सिक्सटी वेस्ट में बने कुछ बड़े अपार्टमेंट को 75 करोड़ से लेकर 80 करोड़ के बीच पिछले साल बेचा गया था। आईजीई (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड ने दो अपार्टमेंट 151 करोड़ रुपये में खरीदे थे। इस प्रोजेक्ट में दो टावर ओआसिस रियलिटी द्वारा बनाये जा रहे हैं। जो कि एक जॉइंट वेंचर है ओबेरॉय रियलिटी और सुधाकर शेट्टी के सहाना ग्रुप के साथ। इनमें से एक टावर में रिज कार्लटन होटल समेत लक्जरी रेसिडेंस रहेंगे। जिन्हें कंपनी की तरफ से मैनेज किया जाएगा। डी मार्ट का दमानी परिवार बीते कुछ सालों में कई बड़ी प्रॉपर्टी डील्स की हैं। साल 2021 में उन्होंने देश की सबसे बड़ी लैंड डील की थी। जिसमें राधकिशन दमानी और उनके भाई गोपीकिशन दमानी ने साउथ मुंबई की नारायण दाभोलकर रोड पर मौजूद एक बंगले को 1001 करोड़ रुपये में खरीदा था।

## ठेकेदारों के खिलाफ मामला दर्ज...




**ठाणे :** ठाणे जिले की पुलिस ने एक निर्माण कंपनी के दा ठेकेदारों के खिलाफ लापरवाही बरतने का आरोप लगाते हुए एक मामला दर्ज किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बदलापुर इलाके में एक निमार्णाधीन इमारत की 13वीं मंजिल से गिरकर सुनील कुमार गौतम (40) की मौत हो गयी। बदलापुर थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना मंगलवार दोपहर करीब एक बजे हुई जब पीड़ित 16 मंजिला निमार्णाधीन इमारत में काम कर रहा था।

## जादू-टोने के आरोप में 8 परिवारों ने छोड़ा गांव, अपने हाथ से तोड़े घर...

### पुलिस में शिकायत के बावजूद कोई खास कार्रवाई नहीं हुई थी



**नासिक:** महाराष्ट्र को देश के विकसित राज्यों में शुमार किया जाता है। बावजूद इसके राज्य में अंधविश्वास और अंधश्रद्धा का बोलबाला है। इसे मिटाने के लिए महाराष्ट्र सरकार ने अंधश्रद्धा निर्मूलन कानून भी लाया था। बावजूद इसके अंधविश्वास की जड़ें लोगों के दिलों में इतनी गहरी हैं कि यह आसानी से खत्म होती हुई नजर नहीं आ रही हैं। ताजा मामला महाराष्ट्र के नासिक जिले का है। जहां इगतपुरी तहसील के घोटी गांव में 8 परिवारों को अपना पीढ़ियों पुराना घर छोड़कर जाना पड़ा। पीड़ित परिवारों ने पहले नम आंखों से उस घर को तोड़ा जिसको बनाने में इन्होंने या फिर इनके पूर्वजों ने पसीना बहाया होगा, मेहनत की होगी। हालांकि, यह सब कुछ भूलते हुए अपनी जान की परवाह के लिए इन आठ परिवारों ने अब गांव छोड़ दिया है। अंधविश्वास का यह मामला एक बार फिर से राज्य के नासिक जिले को चर्चा के केंद्र में लेकर आया है। गांव छोड़ने वाले लोगों में लक्ष्मण धपटे, सोमा शिद, भाऊ पादिर, सनु पादिर, गंगूबाई खड़के, शांताराम खड़के के अलावा दो अन्य परिवार भी शामिल हैं।

## एयर प्यूरीफायर टॉवर मतलब पैसों की बबार्दी, विशेषज्ञों की राय के बाद लगने से पहले ही विवाद

### एयर प्यूरीफायर टॉवर लगने से पहले ही विवाद शुरू, बीएमसी पूरे मुंबई शहर में लगाएगी 14 टॉवर

**मुंबई:** मुंबई में बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बीएमसी ऐक्शन मोड में है। शहर और उपनगरों में प्रशासन ने एयर प्यूरीफायर टॉवर लगाने का फैसला लिया है, हालांकि इसका विरोध भी शुरू हो गया है। बीएमसी प्रत्येक जोन में दो टॉवर लगाएगी। पूरे शहर भर में कुल 14 टॉवर लगाए जाएंगे। बीएमसी पायलट प्रॉजेक्ट के तहत 5 जंक्शन पर एयर प्यूरीफायर मशीन लगाएगी। विशेषज्ञों ने इस प्रॉजेक्ट का विरोध करते हुए इसे पैसों की बरबादी बताया है। बता दें कि मुंबई की वायु गुणवत्ता हर वर्ष बिगड़ रही है। बीते वर्ष 250 से अधिक दिन प्रदूषण भरे रहे, जबकि इस साल जनवरी में भी वायु गुणवत्ता बेहतर नहीं रही।



बीएमसी कमिश्नर इकबाल सिंह चहल ने बजट के दौरान मुंबई में एयर प्यूरीफायर टॉवर लगाने की घोषणा की है। यह टॉवर 30 फीट ऊंचा होगा और 2 फीट बाय 2 फीट की जगह लेगा। यह टॉवर्स रेडियो वेव्स (तरंगें) और एल्क्ट्रोमैग्नेटिक प्रक्रिया के जरिए वायु प्रदूषण को नियंत्रित करेंगे।

**3.5 करोड़ रुपये होगी टॉवर की कीमत**

बता दें कि पार्टिकुलेट पदार्थ आयोनाइज्ड होता है और हवा के अन्य कणों को खींचता है। इससे ये कण भारी हो जाते हैं और नीचे गिरते हैं और धूल को हवा में उड़ने से रोकते हैं। इन टॉवर्स से 1 किलोमीटर के रेडियस में 45% वायु प्रदूषण कम हो जाएगा। एक टॉवर की कीमत 3.5 करोड़ रुपये होगी। बीएमसी कमिश्नर ने कहा कि मुंबई देश का पहला शहर होगा जहां इतने सारे टावर्स होंगे। बीएमसी पहले ही 258 ट्रैफिक जंक्शनों पर पूरी तरह से ट्रैफिक फ्रेंडली कंट्रोल सिस्टम लगा चुकी है। इस सिस्टम को भी अपग्रेड किया जाएगा। शहर और उपनगरों के 395 ट्रैफिक जंक्शनों में भी यातायात प्रवाह और प्रदूषण पर प्रभाव का अध्ययन करने के बाद स्थापित किया जाएगा।

## पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली के खिलाफ FIR दर्ज, पत्नी ने की शिकायत...



**मुंबई :** भारत के पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली की मुश्किलें फिर बढ़ गई है। उनकी पत्नी ने उनके खिलाफ शिकायत की है। मुंबई पुलिस ने बताया कि पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली के खिलाफ मुंबई के बांद्रा पुलिस स्टेशन में उनकी पत्नी एंड्रिया की शिकायत पर FIR दर्ज की गई है। उसकी शिकायत में कहा गया है कि उसने मौखिक रूप से दुर्व्यवहार किया और शराब के नशे में उसकी पिटाई की। अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है। पूर्व क्रिकेटर विनोद कांबली ने अपनी पत्नी से मारपीट करने को लेकर वह विवाद में घिर गए हैं। उनके खिलाफ उनकी पत्नी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें कहा है कि उन्होंने शराब पीकर उन्हें गाली दी और मारपीट की। बता दें कि ये कोई पहली बार नहीं जब कांबली को लेकर मामला पुलिस तक पहुंचा है।



## नरिमन पॉइंट को मीरा-भाईंदर से जोड़ने का रास्ता साफ

# ...अब मुंबई के वर्सोवा से दहिसर तक कोस्टल रोड

### बीएमसी के इस प्रॉजेक्ट पर 9000 करोड़ रुपये खर्च होंगे



**मुंबई:** बीएमसी मुंबई को मीरा-भाईंदर, वसई-विरार, नवी मुंबई और ठाणे सहित कल्याण, भिवंडी को जोड़ने के लिए कई प्रॉजेक्ट पर काम कर रही है। इसमें कोस्टल रोड सबसे प्रमुख है। बीएमसी ने कोस्टल रोड का विस्तार करते हुए वर्सोवा से दहिसर तक बनाने की घोषणा की है। इस पर 9000 करोड़ रुपये खर्च होंगे। बीएमसी कमिश्नर आई.एस. चहल ने कहा कि इस प्रॉजेक्ट का टेंडर तैयार है, जिसे मार्च-अप्रैल तक जारी कर दिया जाएगा। वर्सोवा-दहिसर कोस्टल रोड पर वर्ष 2023-24 से काम शुरू हो जाएगा। सड़क मार्ग से यह दूरी करीब 22 किमीमीटर है, जिसे तय करने में करीब एक घंटे का समय लगता है। कोस्टल रोड बनने से यह दूरी कुछ ही मिनटों में तय की जा सकेगी। दहिसर से मीरा-भाईंदर के बीच बनने वाले करीब छह किमी लंबे रोड का टेंडर पिछले साल जारी किया गया था। बीएमसी ने दहिसर से भाईंदर के बीच ऐलिवेटेड रोड बनाने की योजना बनाई है। इसमें 1.5 किमी लंबी सड़क बीएमसी के क्षेत्र में आएगी, जबकि 3.5 किमी मीरा-भाईंदर मनपा क्षेत्र में होगी। भविष्य में इस ऐलिवेटेड रोड को कोस्टल रोड (कांदिवली) के सबसे आखिरी छोर से जोड़ दिया जाएगा, फिर लोग आसानी से दक्षिण मुंबई से भाईंदर तक का सफर कर सकेंगे। इसके बनने से समय और ईंधन दोनों की बचत होगी, साथ ही लोगों को ट्रैफिक से भी निजात मिलेगी।

**कोस्टल रोड के लिए ''3545 करोड़**

बीएमसी के वर्ष 2023-24 के बजट में भी कोस्टल रोड प्रॉजेक्ट को तरजीह दी गई है। बजट में 3545 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। हालांकि, कोस्टल रोड का काम पर फिलहाल पांच हजार करोड़ रुपये से ज्यादा के निधि की जरूरत है। बाकी 1500 करोड़ रुपये कहां से आएंगे, यह बजट में नहीं बताया गया है। चहल ने कहा कि नवंबर, 2023 तक कोस्टल रोड के पहले चरण का काम पूरा हो जाएगा।

# मुंबई लोकल ट्रेन में आपस में भिड़ी लड़कियां...

### जड़े ताबड़तोड़ थप्पड़, नोंच दिए बाल



**मुंबई :** मुंबई लोकल ट्रेन के कई वीडियो इंटरनेट पर वायरल होते रहते हैं, लेकिन हाल ही में एक ऐसा वीडियो सामने आया है, जो हैरान कर देने वाला है. दरअसल, सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे इस वीडियो में कुछ लड़कियां आपस में लड़ाई करते नजर आ रही हैं. इस वीडियो में वह किसी बात को लेकर एक दूसरे से उलझ जाती हैं. मामला इतना गंभीर हो जाता है कि बात हाथापाई तक पहुंच जाती है. इतना ही नहीं, लड़कियां एक दूसरे को थप्पड़ भी मारने लगती हैं. सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है. हालांकि पड़ताल करने पर पता चला है कि यह वीडियो पुराना है.

वीडियो में देखा जा सकता है कि कैसे लड़कियां एक दूसरे से लड़ाई कर रही हैं. वह किसी बात को लेकर एक दूसरे से लड़ने लग जाती हैं. मामला इतना बढ़ जाता है कि बात मारपीट तक पहुंच जाती है. वहीं, आसपास मौजूद महिलाएं उन्हें रोकने की कोशिश करती है. लड़कियां फिर भी नहीं रुकती हैं और एक दूसरे पर जमकर प्रहार करती हैं. सभी एक दूसरे को चंद मिनटों में कई थप्पड़ मारते भी देखी जा सकती हैं.

## नवी मुंबई में डंपिंग ग्राउंड में लगी भीषण आग



**नवी मुंबई :** नवी मुंबई के तुर्भे के डंपिंग ग्राउंड में कल शाम आग लगी थी। अभी भी डंपिंग ग्राउंड से धुआं और आग की लपटें उठती दिख रही है। तुर्भे पुलिस थाने के ढरकअनिल चव्हाण ने बताया, ''आग कल शाम 7.30 बजे लगी है। मौके पर 7 दमकल की गाड़ियां हैं और अभी आग काबू में है पूरी तरह काबू पाने में अभी भी कुछ घंटे लग सकते हैं। इस आग में कोई हानि नहीं हुई है। आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चला है।

# मकोका मामले में आरोपी व्यक्ति को अदालत ने बरी किया



**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले की एक अदालत ने कठोर महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोक-ा) के तहत एक 40-वर्षीय आरोपी व्यक्ति को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया है। बचाव पक्ष के वकील पुनीत माहिमकर की ओर से रविवार को दी गयी जानकारी के अनुसार, मकोका से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश ए. एन. शिरसीकर ने शनिवार को अपने आदेश में कहा कि अभियोजन पक्ष जेल में बंद आरोपी मोहम्मद नदीम मर्चेंट उर्फ नदीम चिक्ना के खिलाफ आरोप साबित करने में नाकाम रहा है। अभियोजन पक्ष ने अदालत को बताया कि आरोपी ठाणे के मुंब्रा इलाके में और उसके आसपास आपराधिक गिरोह चलाता था और बिल्डर, होटल कारोबारियों, आम नागरिकों, व्यापारियों और मीडियाक-र्मियों से वसूली करता था। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया था कि आरोपी और उसके सहयोगी लोगों को जान से मारने की धमकी भी देते थे। दूसरी ओर बचाव पक्ष के वकील ने दलील दी कि अभियोजन पक्ष इस मामले में आरोपी के खिलाफ यह सबूत देने में नाकाम रहा है कि वह वसूली करता था। उ-न्होंने कहा कि शिकायतकर्ता पत्रकार अदालत में आरोपी को पहचानने में नाकाम रहा और पुलिस ने उसकी कोई चल-अचल संपत्ति कुर्क नहीं की थी। माहिमकर ने बताया कि न्यायाधीश ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद निर्णय दिया कि अभियोजन पक्ष आर-ोपी के खिलाफ आरोप साबित करने में नाकाम रहा है और इसलिए उसे (आरोपी को) बरी किया जाता है।

# चोरों को किसी का डर नहीं!

### लिफ्ट के सामने से महिला की चैन खींची...



**मुंबई:** महाराष्ट्र में चोरों के हौसले कितने बुलंद है, इसका नजारा पुणे से सामने आया है। जहां भरी दोपहर में बिल्डिंग के अंदर घुसकर एक चोर ने महिला की चेन खींची और भाग निकला। ये पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। इसके बाद से पुलिस और प्रशासन पर तमाम तरह के सवाल उठ रहे हैं। ये पूरा मामला ठाणे का है, जहां दोपहर को दिन के समय चोरी की घटना हुई। एक चोर ने बिल्डिंग के अंदर लिफ्ट के सामने से महिला की चेन चोरी कर ली। ठाणे में लगातार इस तरह की घटना बढ़ती जा रही हैं, जिसमें बुजुर्गों को निशाना बनाया जा रहा है। सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि एक शख्स बिल्डिंग के अंदर आने के बाद बुजुर्ग महिला के गले से मंगलसूत्र खींचता हुआ नजर आ रहा है। घटना ठाणे के चरई की है। 70 साल की महिला की पहचान निर्मला के रूप में हुई है। जब वह अपने अपार्टमेंट में घुस रही थीं, उसी वक्त ये घटना हुई। चोर ने अपने चेहरे पर मास्क लगा रखा था। इस घटना को लेकर नौपाड़ा थाने में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस जांच कर रही है लेकिन बिल्डिंग के लोगों में इस घटना के बाद डर का माहौल है।

# फर्जी कॉल सेंटर संचालक गिरफ्तार, भारतीय व अमेरिकी नागरिकों को ठगने का आरोप



**मुंबई :** मुंबई में 28 वर्षीय व्यक्ति को फर्जी कॉल सेंटर संचालित करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। आरोपी विदेशी मुद्रा और जिंस कारोबार में मदद करने के बहाने भारत और अमेरिकी नागरिकों के साथ कथित तौर पर ठगी करता था। बांगुर नगर थाने के अधिकारी ने शनिवार को बताया कि मलाड के उत्तरी उपनगर से फर्जी कॉल सेंटर संचालित करने वाले व्यक्ति को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया, जबकि उसके दो सहयोगी फरार हैं। उन्होंने कहा कि मलाड लिंक रोड पर एक वाणिज्यिक परिसर में एक दुकान पर छापेमारी के बाद गिरफ्तारी की गई, जहां से फर्जी कॉल सेंटर संचालित किया जा रहा था। अधिकारी ने कहा, ''आरोपी को मौके से गिरफ्तार किया गया।

मालिक, मुद्रक, प्रकाशक, संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं 3 - 4, अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट, सोनावला क्रॉस रोड नं 12, गोरगांव (पूर्व), मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email - editor@rokthoklekhaninews.com